Hindustan, Bokaro, 19/10/2025
Page No: 2, Size: 23.87cm × 19.68cm

### गोमिया से ओएनजीसी ने ऊर्जा गंगा पाइपलाइन के जरिए गैस उत्पादन व बिक्री शुरू की

# ऊर्जा गंगा पाइपलाइन से ₹260 करोड़ ओएनजीसी ने अर्जित किया

**बोले नायर**

- ओएनजीसी ने झारखंड सरकार को 13.5 करोड़ की रॉयल्टी दी
- दो वर्षों में उत्पादन 5 लाख क्यूबिक मीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य
- सीएसआर के तहत 21 करोड़ के सामाजिक प्रोजेक्ट



संबोधित करते टीआर उन्नीकृष्णन।

### दो वर्षों में उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य : नायर

नायर ने बताया कि आने वाले दो वर्षों में गोमिया क्षेत्र से गैस उत्पादन बढ़ाकर 5 लाख क्यूबिक मीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की ऊर्जा क्षमता को सशक्त बनाने में ओएनजीसी की भूमिका निर्णायक होगी।

**बोकारो, वरीय संवाददाता।** बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड से ऊर्जा गंगा पाइपलाइन के माध्यम से प्राकृतिक गैस का व्यावसायिक उत्पादन और बिक्री शुरू कर दी गई है। इस परियोजना से अब तक लगभग 260 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया जा चुका है, जिसमें से 13.5 करोड़ रुपये की रॉयल्टी झारखंड सरकार को दी गई है। इसके साथ ही झरिया ब्लॉक (धनबाद) और हजारीबाग जिले से भी गैस उत्पादन व बिक्री प्रारंभ की जा चुकी है।

यह जानकारी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) के परिसंपत्ति प्रबंधक टी.आर. उन्नीकृष्णन नायर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने बताया कि ओएनजीसी पिछले 28 वर्षों से झारखंड में प्राकृतिक गैस की खोज और उत्पादन कार्य में जुटी है। फिलहाल हजारीबाग परियोजना से इस वर्ष 3.5 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है, जिसमें 25 लाख रुपये की रॉयल्टी राज्य सरकार को दी गई है।

**21 करोड़ के सामाजिक प्रोजेक्ट और 58 युवाओं को प्रशिक्षण :** ओएनजीसी ने सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत बोकारो, हजारीबाग, रामगढ़, गुमला, खूंटी, रांची और धनबाद जिलों में 21 करोड़ रुपये के सामाजिक उत्थान प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। साथ ही, पिछले दो वर्षों में 58 युवाओं को अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण और 26 युवाओं को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। नायर ने कहा कि झारखंड की प्रगति में ओएनजीसी एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को भी रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर मिल रहे हैं। मौके पर ओएनजीसी के वरिष्ठ अधिकारी आलोक दास (प्रमुख, सब सर्फेस टीम), बलबीर सिंह (प्रमुख, ड्रिलिंग), दयानंद कालुंदिया (प्रमुख, मानव संसाधन), विपिन कुमार (आलंबन प्रबंधक), विपिन प्रसाद (भूतल दल प्रमुख), मानस कुमार रॉय (प्रमुख, इंजीनियरिंग सर्विसेज), दिलीप कुमार (प्रमुख, कूप सेवाएं) तथा अजय कुमार दास (कॉरपोरेट कम्युनिकेशन इंचार्ज) उपस्थित रहे।

# भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 14.7 प्रतिशत घटा, खर्च पहली छमाही में 60.7 अरब डॉलर

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (इंट): भारत का कच्चे तेल का आयात का खर्च इस वित्त वर्ष (2025-26) की पहली छमाही में सालाना आधार पर 14.7 प्रतिशत गिरकर 60.7 अरब डॉलर हो गया। भारत के आयात बिल में गिरावट अंतर्राष्ट्रीय दरों में कमी होने के कारण आई। पैट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पी.पी.ए.सी.) के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल इसी अवधि में देश का कच्चे तेल का आयात बिल 71.2 अरब डॉलर था।

तेल आयात के बिल में गिरावट इस साल मार्कीट में आपूर्ति अधिक होने के कारण हुई। पैट्रोलियम निर्यातक देश एवं सहयोगी देश (ओपेक+) आपूर्ति बढ़ा रहे हैं। भारत की कच्चे तेल की बॉस्केट का सितंबर में औसत मूल्य 69.61 बैरल प्रति डॉलर था, जबकि यह बीते साल 73.69 बैरल प्रति डॉलर था। भारत का तेल बिल अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान गिरावट आई, जबकि आयात की मात्रा यथावत् रही। देश में कच्चे तेल का आयात सितंबर 2025 को समाप्त छह महीनों में मामूली रूप से बढ़कर 12.12 करोड़ टन हो गया जबकि बीते साल की इस अवधि में 12.07 करोड़ टन था।

भारत की तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एल.एन.जी.) आयात का बिल भी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 10.5 प्रतिशत गिरकर 6.8 अरब डॉलर हो गया।

कच्चे तेल के विपरीत गैस बिल में गिरावट मुख्य रूप से घरेलू मांग में कमी के कारण हुई थी। इस अवधि में प्राकृतिक गैस की खपत गिरकर 3,426.5 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर हुई।

**Amar Ujala (My City), Rewari, 19/10/2025**
Page No: 2, Size: 10.48cm × 11.48cm

# पाइपलाइन से तेल चोरी के प्रयास के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

**रेवाड़ी।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सौरभ कुमार की अदालत ने एचपीसीएल की पाइपलाइन से तेल चोरी के प्रयास मामले में आरोपी ग्राम करौरी निवासी सूरज की नियमित जमानत अर्जी खारिज कर दी।

आरोपी के वकील ने तर्क दिया कि आरोपी को फंसाया गया है और वह लंबे समय से हिरासत में है। जांच पूरी हो चुकी है। अब कोई रिकवरी शेष नहीं है। अन्य सह-अभियुक्तों को उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है। इसलिए सूरज को भी नियमित जमानत दी जानी चाहिए।

लोक अभियोजक ने कहा कि सूरज अपराधी है और उसके खिलाफ तीन अन्य समान प्रकृति के मामले लंबित हैं। उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। अदालत ने आरोपी की आपराधिक प्रवृत्ति को देखते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज की जाती है।

मामले में बावल थाने में 25 मार्च 2021 को केस दर्ज कराया गया था। आरोपी पर आईपीसी की 379, 411, 413, 117/34, पेट्रोलियम एवं पाइपलाइन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था।

**Dainik Jagran, Muzaffarnagar, 19/10/2025**
Page No: 1, Size: 11.19cm × 6.54cm

# गैस रिसाव से मची अफरातफरी

संवाद सहयोगी, जागरण● खतौली: दिल्ली-देहरादून हाईवे के निकट टबीटा मोड के समीप शनिवार की दोपहर आइजीएल की पाइप लाइन से गैस रिसाव हो गया। इससे लोगों में अफरातफरी मची। लोगों ने अधिकारियों को सूचित किया। आइजीएल कंपनी को

## आइजीएल की पाइप लाइन से हुआ रिसाव, बंद कराया

जानकारी दी गई। कंपनी के तकनीशियन मौके पर पहुंचे और मशक्कत कर पाइप लाइन से गैस का रिसाव बंद किया। इस पर लोगों ने राहत महसूस की।

NEWSFEED



# BPCL expands '*Zero Ka Dum*' LPG certification drive

BPCL has rolled out its 'Zero Ka Dum' (ZKD) initiative nationwide, certifying LPG bottling plants through third-party audits to ensure defect-free cylinders. Fifty plants are already certified, reinforcing BPCL's focus on safety, quality, and customer trust while setting new benchmarks in operational excellence. Under this initiative, each LPG bottling plant undergoes a rigorous third-party certification audit conducted by independent agencies accredited by the National Accreditation Board for Certification Bodies (NABCB).

# Congress slams PM as Trump repeats Russian oil claim

**The Hindu Bureau**
NEW DELHI

The Congress on Saturday described Prime Minister Narendra Modi as *mauni baba* (silent monk), alleging that he remained silent when U.S. President Donald Trump claimed India would reduce Russian oil imports or that he halted Operation Sindoor.

In a post on X, Congress communications chief Jairam Ramesh highlighted President Trump's assertion that Mr. Modi, his "good friend", assured him that India would cut oil imports from Russia.

"President Trump has yet again said that he has been assured by his good friend that India will cut back on its imports of oil from Russia. But that good friend suddenly becomes a Mauni Baba whenever President Trump says he stopped Operation Sindoor and now when he says that India will reduce its imports of oil from Russia," Mr. Ramesh said in a post on X and shared President Trump's latest statement.

**Trade deficit with China**

The Congress leader also noted that India's trade deficit with China rose to $54.4 billion in April-September 2025, up from $49.6 billion the previous year.



Jairam Ramesh highlighted Mr. Trump's assertion that Mr. Modi assured him India would cut oil imports from Russia.

His remarks come hours after the U.S. President repeated his claims that India will not be buying oil from Russia, saying that the country has already "de-escalated" and is "pulling back".

This is the second time that Mr. Trump has made such a claim about India's purchase of oil from Russia.

External Affairs Ministry spokesperson Randhir Jaiswal on Thursday, while responding to Mr. Trump's remarks, had said it has been New Delhi's consistent priority to safeguard the interests of Indian consumers in a volatile energy scenario.

Business Line, Delhi, 19/10/2025
Page No: 6, Size: 14.08cm × 21.80cm

# Bears calling shots

## CRUDE CHECK. Sell crude oil futures on rallies

**Akhil Nallamuthu**
bl. research bureau



Crude oil prices were down for a third week in a row. Brent crude oil futures on the Intercontinental Exchange (ICE) ($61.30/barrel) and crude oil futures in the domestic market (₹5,037/barrel) lost 2.3 per cent and 3.8 per cent respectively.

**BRENT FUTURES ($61.30)**

Brent crude oil futures slipped for the third consecutive week, indicating a strong downward momentum. There are no decisive signs of a bullish reversal in trend now. Also, the nearest notable support from the current level can be spotted at $59.

Hence, the probability for a fall to $59 from the current level of $61.30 is high. A rebound from $59 can lift the contract to $63. Whereas if $59 is breached, it will open the door for a decline to $53.

**MCX-CRUDE OIL (₹5,037)**

Crude oil futures (Nov) dropped to mark a low of ₹4,962 on Friday before reclaiming the key ₹5,000-mark.

However, the chart shows that the sell trend is strong and there are no patterns indicating a bullish reversal in trend. The chart of Brent crude oil futures hints at further decline. If that happens, it can weigh on the domestic crude oil futures too.

So, going ahead, we might see crude oil futures rising to ₹5,200-5,250 price band. But after this, the contract might resume the downtrend and fall to ₹4,750.

That said, if the resistance at ₹5,250 is breached, it can push the contract higher to ₹5,400. But as it stands, the probability for this uptick is low.


**Trade strategy:** Short crude oil futures (Nov) at ₹5,200. Target and stop-loss can be ₹4,800 and ₹5,320 respectively.

**Punjab Kesari, Delhi, 19/10/2025**
Page No: 8, Size: 22.41cm × 12.22cm

# रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत


## ट्रंप ने फिर किया दावाः मोदी सरकार पहले ही ट्रंप के दावे को खारिज कर चुकी है

**वाशिंगटन,** (एजैंसी): अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कहा है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने मॉस्को से तेल की खरीद लगभग बंद कर दी है। ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ शुक्रवार दोपहर को भोज के दौरान मीडिया से कहा कि "भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने पहले ही (तेल की खरीद) कम कर दी है और लगभग बंद कर दी है।" ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, "वे पीछे हट रहे हैं। उन्होंने लगभग 38 प्रतिशत तेल खरीदा है और अब वे ऐसा नहीं करेंगे।" भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह बाजार की स्थितियों के अनुरूप अपने ऊर्जा स्रोतों का व्यापक आधार



तैयार कर रहा है और इसे विविध बना रहा है।'' भारत के बृहस्पतिवार के बयान से कुछ घंटे पहले ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूसी कच्चे तेल की खरीद बंद कर देगा। अमेरिका का कहना है कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदकर पुतिन को युद्ध के लिए वित्तीय मदद दे रहा है। भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद से नयी दिल्ली और अमेरिका के संबंध तनावपूर्ण हैं। इस 50 प्रतिशत शुल्क में से 25 प्रतिशत शुल्क रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण लगाया गया है। भारत ने अमेरिका की इस कार्रवाई को अनुचित व अविवेकपूर्ण बताया है। इस बीच, ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध खत्म कराने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है, मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने हस्तक्षेप करके लाखों लोगों की जान बचाई।"

### पीएम ने मौन क्यों धारण कर लिया : कांग्रेस



कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदने संबंधी दावा फिर से किया है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौन धारण किए हुए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ट्रंप के ताजा बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत अब रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। ट्रंप ने कुछ दिनों पहले भी यह दावा किया था कि उनके "मित्र"" प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से आश्वासन दिया है कि भारत अब रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। रमेश ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर कहा है कि उनके अच्छे मित्र ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूस से तेल के आयात में कटौती करेगा। लेकिन वह अच्छे मित्र उस वक्त अचानक मौनी बाबा बन जाते हैं जब राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर रुकवा दिया है और अब जब वह कहते हैं कि भारत रूस से तेल का आयात कम कर देगा। उन्होंने कहा, "इस बीच अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा पिछले साल की समान अवधि के 49.6 अरब डॉलर की तुलना में बढ़कर 54.4 अरब डॉलर हो गया।"

Deshbandhu, Delhi, 19/10/2025
Page No: 10, Size: 10.19cm × 12.38cm

# भारत के कच्चे तेल आयात पर अमेरिका व सऊदी अरब की नजर

**नई दिल्ली,** 18 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया में सबसे तेजी से तेल की खपत बढ़ाने वाले देश भारत के लिए अमेरिका और सऊदी अरब के नेतृत्व वाले खाड़ी देश क्रूड ऑयल के आयात में बड़ा हिस्सा हथियाने की रेस में हैं। इस बीच, वॉशिंगटन भारत पर अपने सबसे बड़े तेल सप्लायर रूस से खरीदारी रोकने का दबाव बढ़ा रहा है।

वैश्विक स्तर पर तेल की अधिक आपूर्ति की वजह से अमेरिकी क्रूड ऑयल की कीमतें अब मिडिल ईस्ट के तेल के करीब पहुंच रही हैं। सीनियर इंडस्ट्री सूत्रों, कीमतों के दस्तावेजों और शिपिंग डेटा के मुताबिक, इससे भारतीय रिफाइनरियों के लिए अमेरिकी तेल खरीदना आर्थिक रूप से फायदेमंद हो रहा है, न कि सिर्फ राजनीतिक दबाव की वजह से।



इसके जवाब में, भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर सऊदी अरब, जो मिडिल ईस्ट के अन्य तेल ग्रेड्स के लिए टोन सेट करता है, ने अपनी रणनीति बदली है। सऊदी अरब ने नवंबर के लिए एशिया में अपने 'अरब मीडियम' और 'अरब हेवी' क्रूड की आधिकारिक बिक्री कीमत में 30 सेंट प्रति बैरल की कटौती की है, जबकि बाकी क्रूड ग्रेड्स की कीमतें अक्टूबर के मुकाबले स्थिर रखी हैं।

# भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 14.7 प्रतिशत घटा, खर्च पहली छमाही में 60.7 अरब डॉलर

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (एजैंसी): भारत का कच्चे तेल का आयात का खर्च इस वित्त वर्ष (2025-26) की पहली छमाही में सालाना आधार पर 14.7 प्रतिशत गिरकर 60.7 अरब डॉलर हो गया। भारत के आयात बिल में गिरावट अंतर्राष्ट्रीय दरों में कमी होने के कारण आई। पैट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पी.पी.ए.सी.) के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल इसी अवधि में देश का कच्चे तेल का आंयात बिल 71.2 अरब डॉलर था।

तेल आयात के बिल में गिरावट इस साल मार्कीट में आपूर्ति अधिक होने के कारण हुई। पैट्रोलियम निर्यातक देश एवं सहयोगी देश (ओपेक+) आपूर्ति बढ़ा रहे हैं। भारत की कच्चे तेल की बॉस्केट का सितंबर में औसत मूल्य 69.61 बैरल प्रति डॉलर था, जबकि यह बीते साल 73.69 बैरल प्रति डॉलर था। भारत का तेल बिल अप्रैल-सितंबर 2025 के दौरान गिरावट आई, जबकि आयात की मात्रा यथावत् रही। देश में कच्चे तेल का आयात सितंबर 2025 को समाप्त छह महीनों में मामूली रूप से बढ़कर 12.12 करोड़ टन हो गया जबकि बीते साल की इस अवधि में 12.07 करोड़ टन था।

भारत की तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एल.एन.जी.) आयात का बिल भी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 10.5 प्रतिशत गिरकर 6.8 अरब डॉलर हो गया।


कच्चे तेल के विपरीत गैस बिल में गिरावट मुख्य रूप से घरेलू मांग में कमी के कारण हुई थी। इस अवधि में प्राकृतिक गैस की खपत गिरकर 3,426.5 करोड़ स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर हुई।

**Jansatta, Delhi, 19/10/2025**
Page No: 1, Size: 10.98cm × 11.17cm

# रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत : डोनाल्ड ट्रंप

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कहा है कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने कहा कि भारत ने मास्को से तेल की खरीद लगभग बंद कर दी है।



ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ शुक्रवार दोपहर को भोज के दौरान मीडिया से कहा कि भारत रूस से तेल नहीं खरीदेगा। उन्होंने पहले ही (तेल की खरीद) कम कर दी है और लगभग बंद कर दी है। ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में कहा, वे पीछे हट रहे हैं। उन्होंने लगभग 38 फीसद तेल खरीदा है और अब वे ऐसा नहीं करेंगे।

भारत ने गुरुवार को कहा था कि वह बाजार की स्थितियों के अनुरूप अपने ऊर्जा स्रोतों का व्यापक आधार तैयार कर रहा है और इसे विविध बना रहा है। भारत के इस बयान से कुछ घंटे पहले ट्रंप ने दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि भारत रूसी कच्चे तेल की खरीद बंद कर देगा। अमेरिका का कहना है कि भारत रूस से कच्चा तेल खरीदकर पुतिन को युद्ध के लिए वित्तीय मदद दे रहा है।

इस बीच, ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध खत्म कराने का एक बार फिर दावा करते हुए कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है, मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है।

ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ शुक्रवार को वाइट हाउस में लंबी बैठक के बाद यूक्रेन एवं रूस से युद्ध समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे जहां हैं वहीं रुक जाएं। ट्रंप ने राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के बाद से यह युद्ध समाप्त नहीं होने को लेकर कई बार हताशा जताई है।